# आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त जिला कलक्टर ने ली बैठक

**भरतपुर,** (निसं)। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन की अनुपालना में युद्ध अथवा हवाई हमले, आपातकालीन, प्राकृतिक, मानव निर्मित और तकनीकी खतरों से आपदा प्रबंधन की तैयारियों को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुक्रवार को शहर अतिरिक्त कलक्टर राहुल सैनी ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।



आपदा प्रबंधन तैयारियों को लेकर अतिरिक्त जिला कलक्टर ने अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में अतिरिक्त कलक्टर ने सभी विभागों द्वारा अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ और जिला प्रशासन का मुख्य कार्य आपदाओं के दौरान बचाव, राहत अभियान और पुनर्वास करना है। उन्होंने जन जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रमों का समय-समय पर प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि लोग आपदाओं के प्रति अधिक जागरूक हो सकें। उन्होंने देश, समाज की सुरक्षा की दृष्टि से आमजन को भ्रामक सूचनाओं और अफवाहों से बचने तथा सतर्क रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने प्रभावी प्रशिक्षण अभ्यास और मॉक ड्रिल के माध्यम से प्रतिक्रिया क्षमताओं को बेहतर बनाने की बात भी कही।

अतिरिक्त कलक्टर ने सीएमएचओ को आपदा की स्थिति में अस्पतालों में रक्त की कमी न हो, इसके लिए ब्लड कैंप आयोजित करने की कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय और तत्परता के साथ काम करने का आव्हान किया और कहा कि किसी भी प्रकार की आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस विभाग को संवेदनशील सूचनाओं के दुरुपयोग पर कड़ी निगरानी रखने और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम जारी रखने के निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग को पशुधन की सुरक्षा और उनके इलाज की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए कहा गया।

उन्होंने सरकार की योजनाओं और आपदा संबंधी जानकारियों को आमजन तक पहुंचाने के लिए सभी संभावित माध्यमों का उपयोग करने के निर्देश दिए। बीएसईएल/जेवीवीएनएल विभाग को ब्लैकआउट की स्थिति से निपटने के लिए अपनी योजनाओं को अद्यतन रखने और विद्युत तंत्र व्यवस्था को मजबूत करने, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को पर्याप्त मात्रा में दवाएं और एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। नागरिक सुरक्षा विभाग को मॉक ड्रिल और जागरूकता कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए गए, वहीं दमकल विभाग को अपने खराब उपकरणों को ठीक करने और कर्मचारियों को हर समय तैयार रहने के लिए कहा गया। जिला आपूर्ति अधिकारी को आवश्यक खाद्य सामठी और ईंधन का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शहरी स्थानीय निकायों को आश्रयों और सुरक्षित क्षेत्रों की पहचान को अंतिम रूप देने और पीएचईडी विभाग को गर्मी और आपातकालीन स्थिति में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा गया।

अतिरिक्त कलक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी-अपनी कार्य योजनाओं को अंतिम रूप दें और यह सुनिश्चित करें कि सभी कर्मचारी आपदा प्रबंधन के लिए पूरी तरह से प्रशिक्षित और तैयार

■ आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : राहुल सैनी ने

रहें। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राप्त कौशल और अनुभव को अपने घर, पड़ोसी और मित्रों के साथ भी साझा करने का आव्हान किया, जिससे जागरूकता कार्यक्रम एक श्रृंखला के रूप में संचालित हो सके। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से जिले में जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। बैठक के दौरान व्यापार मंडल, एनजीओ, पेट्रोल पंप संगठन, रोटरी क्लब और अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित पुलिस विभाग के अधिकारियों ने भी अपने सुझाव दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल, अधीक्षण अभियन्ता जेवीवीएनएल रामहेत मीणा, सीएमएचओ डॉ. गौरव कपूर, सचिव नगर निगम विजयप्रताप सिंह, बीईएसएल पीआरओ एसपी सिंह, सहायक अभियन्ता बीडीए मनोज पाराशर, शिवम शर्मा सहित विभिन्न विभागों एवं संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गोष्ठी आयोजित

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर जिले की अग्रवाल पेंशनर्स सेवा समिति, ब्लॉक इकाई रणजीतनगर द्वारा अप्रैल माह में आदर्शनगर विद्यामंदिर, रणजीतनगर में वार्षिक सम्मेलन एवं सामाजिक चिंतन गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी का विषय था कृ बिखरते परिवार सिमटते संबंध जिसमें समाज में बढ़ते पारिवारिक विघटन को लेकर गंभीर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम की सफलता के उपलक्ष्य में समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक अठावाल, महामंत्री सतीश कुमार गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष दीनदयाल गुप्ता को समिति के वरिष्ठ सदस्यों ताराचंद गुप्ता, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, आर.एस. गुप्ता, सतीशचंद गुप्ता, आर.पी. गर्ग द्वारा तुलसीमाला, शॉल व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

स्वागत भाषण में लक्ष्मीनारायण गुप्ता ने बताया कि वरिष्ठजनों की यह समिति विगत वर्षों से सामाजिक, आध्यात्मिक, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं धार्मिक क्षेत्रों में प्रेरणादायक सेवाएँ प्रदान कर रही है। उन्होंने बताया कि परिवारों में हो रहे विघटन के विषय में आयोजित इस सामाजिक गोष्ठी के माध्यम से समाज में चेतना जागृत करने का कार्य किया गया है।

कार्यक्रम का संचालन इकाई अध्यक्ष आर.एस. गुप्ता ने किया। उन्होंने बताया कि इकाई रणजीतनगर के 95 प्रतिशत सदस्यों का चालू वित्त वर्ष में नवीनीकरण कर लिया गया है। लक्ष्मीनारायण गुप्ता (बैंक), टीकाराम अठावाल, महेशचंद अग्रवाल, सुनील बंसल, बनवारीलाल गुप्ता, अनिल गुप्ता, एस.पी. जिन्दल, पवन सिंघल, एस.पी. गोयल, अजय बिन्दल, महेशचंद गुप्ता सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग

**करौली,** (निसं)। करौली पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रामपुर धाभाई के लोगों ने जिला कलेक्टर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन पेश कर चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटवाने कि मांग की है। भाजपा नेता सतबीर चंदीला के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सरपंच सिरमोहर गुर्जर के साथ ग्रामीण राजाराम,गोपाल, ज्ञानसिंह, रामसिंह, मुकेश, भरत सिंह, प्यार सिंह,भूरसिंह मैम्बर,लाखन सिह सहित कई ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन पेश कर बताया कि ग्राम पंचायत रामपुर मे कुछ दबंग लोगो ने खसरा नम्बर 85 चारागाह भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है जिसको लेकर ग्रामीण कई वर्षो से ज्ञापन के माध्यम से विरोध प्रकट कर रहे है एवं चार बार जिला प्र'ाासन अतिक्रमण हटवाने के लिए मोके पर पहुॅच चुका है मगर प्रर्याप्त पुलिस जाप्ता नही मिलने के कारण असहाय होकर वापिस लौट आते है जिससे पुलिस प्र'ाासन कि छवि खराब होती है उन्होने बताया कि जिला कलेक्टर के आदे'ाानुसार शुक्रवार को पुलिस जाप्ता तहसीलदार के साथ मौके पर पहुॅचा मगर अतिक्रमणकारियो कि सख्या अधिक होने के कारण उन्हे वापस लौटना पडा यदि पुलिस बल के माध्यम से अतिक्रमण नही हटाते है तो ग्रामीण धरना प्रर्दान करेंगे तथा करौली गंगापुर राजमार्ग को भी जाम कर दिया जायेगा इससे किसी प्रकार कि कानून व्यवस्था वाधित होती है तो पुलिस प्र'ाासन जिम्मेदार होगा।

### अस्पताल को वाटर कूलर भेंट

**करौली,** (निसं)। करौली के मंडरायल रोड स्थित जिला अस्पताल परिसर में स्वर्गीय हर सहाय गुर्जर के परिवार जन ने भीषण गर्मी को देखते हुए कि प्रथम पुण्यतिथि पर ओपीडी ब्लॉक में 120 लीटर का वॉटर कूलर डोनेट किया डोनेट कर चालू करवाया। जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकेश मीणा ने बताया कि स्वर्गीय हरसहाय गुर्जर एएनएम ट्रेनिंग सेंटर मे प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे जिनका गत वर्ष निधन हो गया आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्व. हर सहाय गुर्जर की धर्मपत्नी विद्या देवी,प्रमुख चिकित्साधिकारी डॉ. रामकेश मीणा, कान नाक गला रोग विशेषज्ञ डॉ मनीष शर्मा, मनोचिकित्सक डॉ प्रेमराज मीणा, फिजीशियन डॉ. लखन लाल मीणा, फार्मासिस्ट रामावतार गुर्जर और समस्त परिवार जन और अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहे।

### जीतू शुक्ला सयोंजक नियुक्त

**करौली,** (निसं)। ऑपरेशन सिंदूर के तहत प्रदेश भर में आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा के लिए भाजपा राजस्थान के अध्यक्ष मदन राठौड़ व प्रदेश समन्वयक भूपेंद्र सैनी और अंकित चेची ने प्रदेश टोली की घोषणा की जिसमे करौली भाजपा के युवा मोर्चा के कार्यकर्त्ता जीतू शुक्ला कों जिला सयोंजक बनाया है। जीतू शुक्ला पर तिरंगा यात्रा के सफल संचालन की जिम्मेदारी रहेगी पहले भी पार्टी ने तिरंगा यात्रा के संचालन सहित अनेकों राष्ट्रीय कार्यक्रम में जीतू शुक्ला कों जिम्मेदारी दी है और उनके पार्टी हित में किये गए कार्यों कों देखते हुए पुन जिला सयोंजक नियुक्त किया है जिस पर कार्यकर्ताओ ने प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया है।

### ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शुरू

**करौली,** (निसं)। गायत्री परिवार के तत्वावधान गायत्री तपोभूमि मथुरा में छात्र- छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिए ग्रीष्मावकाश में नि:शुल्क माता सरस्वती शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। गायत्री परिवार के प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि माता सरस्वती शिविरों में छात्र छात्राओं के नैतिक व बौद्धिक स्तर को सुदृढ़ करने के साथ बुद्धि कुशाठा करने, स्मरण शक्ति बढ़ाने,पठन कौशल,योग प्राणायाम ध्यान अभ्यास,जीवन जीने की कला, सद्प्रवृति संवर्धन,दुष्प्रवृति उन्मूलन आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।गायत्री शक्ति पीठ करौली के व्यवस्थापक सर्वेश कुमार गुप्ता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विद्यार्थियों में स्व-अनुशासन,अच्छी आदतों व अच्छे चरित्र के निर्माण के लिए ये शिविर स्वर्णिम अवसर प्रदान करते हैं इनमें अभिभावक भी अपने बच्चों के साथ तपोभूमि में गायत्री साधना कर सकते हैं। छात्राओं का शिविर 23 से 29 मई तथा छात्रों का 7 जून से 13 जून तक अयोजित किया जाएगा।

### मॉडिफाई साइलेंसर पर चला रोलर

**भरतपुर,** (निसं)। ट्रैफिक पुलिस ने आज 105 दुपहिया वाहनों के मोडिफाई साइलेंसर को नष्ट किया। सभी साइलेंसर के ऊपर रोलर चलाया गया। लोग अपने वाहनों में मोडिफाई साइलेंसर लगवाकर सड़कों पर पटाखे फोड़ते थे। उन वाहनों को पुलिस ने जब्त किया था।

## रोडवेज बस स्टेड पर बदहाल व्यवस्था

**करौली,** (निसं)। करौली. के केंद्रीय रोडवेज बस स्टैंड पर इन दिनो भीषण गर्मी के चलते असुविधाओं का गंभीर मामला सामने आ रहा है जिले में 40 से 42 डिग्री तापमान के बीच यात्रियों के लिए सुविधाओं का अभाव साफ तौर पर दिख रहा है. रोडवेज बस स्टेंड पर ना ही तो पानी की, ना ही बस स्टेंड पर वाटर कूलर जैसी कोई सुविधा मौजूद नहीं है।

गर्मी के इस दौर में शीतल पेयजल की सुविधा यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनी हुई है। इस मामले को लेकर यातायात प्रभारी से वार्ता कि तो उनका कहना है कि वाटर कूलर पहले था लेकिन अब खराब हो गया है पानी के लिए सीधा बोरिंग से आ रहा है। वहीं दूसरी ओर बस स्टैंड पर लगभग दो दर्जन के करीब पंखे लगाए गए हैं लेकिन उनमें से केवल कुछ ही चालू अवस्था में हैं। शेष पंखे या तो खराब हैं या फिर बंद पड़े हैं जिससे यात्रियों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है।बैठने की सुविधा भी यात्रियों के लिए एक बड़ी समस्या बनी हुई है। बस स्टैण्ड पर बैठने के किए यात्रियों को कुर्सियां तक नहीं लगाई गई हैं और ना ही कोई ठोस इंतजाम नजर आता है जिससे यात्रियों को खड़े होकर ही अपने वाहन का इंतजार करना पड़ता है। साफ-सफाई की स्थिति भी अत्यंत चिंताजनक है। जगह-जगह गंदगी और कचरा फैला हुआ नजर आ रहा है.इस बात का प्रमाण है कि प्रशासनिक स्तर पर साफ-सफाई की कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं की गई है। कुल मिलाकर करौली केंद्रीय बस स्टैंड यात्रियों के लिए एक असुविधाजनक और कष्टदायक स्थल बन गया है। गर्मी के इस दौर में यहां सुविधाओं की तत्काल आवश्यकता है ताकि आमजन को राहत मिल सके। यात्री शीला मीना ने बताया कि रोडवेज बस स्टैंड पर गर्म पानी पीने को मिल रहा है ठंडे पानी की कोई व्यवस्था नहीं है यहा सफाई व्यवस्था नहीं है हवा के लिए कुछ पंखे चालू है, ओर सभी बंद है। यात्री भारत का कहना है कि पानी गर्म मिल रहा, ठंडे पानी की कोई व्यवस्था नहीं है, सभी यात्रियों को परेशानी हो रही है। रोडवेज इंचार्ज शिवदयाल शर्मा ने बताया कि बस स्टैंड पर कार्य अभी प्रगति पर है और अगले 10 से 15 दिनों में सभी सुविधाएं बहाल कर दी जाएंगी।

## ज्ञापन सौंपा

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर जिला व्यापार महासंघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम से सर्किट हाउस में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा, प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता जिला महामंत्री नरेन्द्र गोयल जिला प्रवक्ता विपुल शर्मा शामिल थे, जिला प्रवक्ता विपुल शर्मा ने बताया कि मंत्री जवाहर सिंह बेडम से मुलाकात की गई और ज्ञापन सौंपा गया, ज्ञापन में शहर में हो रही अतिक्रमण की कार्यवाहियों के कारण जिन व्यापारियों को बेरोजगार बना सड़क पर लाया जा रहा है उनको उचित मुआवजा दिलवाने या किसी अन्य पर व्यापार के लिए स्थान दिलाने की मांग रखी गई थी, जिस पर कार्यवाही करते हुए गृह राज्य मंत्री द्वारा वहां उपस्थित नगर निगम आयुक्त को आदेशित किया गया, जिस आयुक्त द्वारा भरोसा दिलवाया गया कि जो भी व्यापारी सही है उसका प्रपोजल बना कर भेजा जा चुका है, जिसके अंतर्गत उनको शीघ्र ही किसी और जगह पर स्थान दिया जाएगा, जिसमें चाहे गोवर्धन गेट के आसपास के दुकानदार हो या गंगामंदिर स्थित गोपाल बैंड व अन्य दुकानदार हो, , मंत्री महोदय से शहर के विकास कार्यों को लेकर भी लगभग 1 घंटे तक चर्चा हुई।

## मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति में कोई कोताही नहीं बरतें : संजना जाटव

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर सांसद संजना जाटव ने अटल सेवा केंद्र परिसर स्थित अपने जनसंपर्क कार्यालय पर जनसुनवाई की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। जनसुनवाई में सर्वाधिक शिकायतें जल संकट से जुड़ी हुई रहीं।

जनसुनवाई में झरौली गांव से पहुंचे कुछ लोगों ने सांसद का माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं, एकटा गांव से आई



भरतपुर सांसद संजना जाटव ने अटल सेवा केंद्र परिसर स्थित अपने जनसंपर्क कार्यालय पर जनसुनवाई की।

■ महिलाओं ने पानी की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा

महिलाओं के समूह ने पानी की गंभीर समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि गांव में लंबे समय से पेयजल आपूर्ति बाधित है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सांसद संजना जाटव ने महिलाओं की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तुरंत संबंधित अधिकारी को फोन कर जानकारी दी। साथ ही उन्होंने जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है।

अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि पानी जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति में कोई कोताही न बरती जाए। सांसद ने जनसुनवाई के दौरान अन्य मामलों पर भी ध्यान दिया, जिसमें पेंशन, सड़क, बिजली और आवास जैसी शिकायतें शामिल थीं। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य जनता से सीधे संवाद स्थापित करना है ताकि समस्याओं का शीघ्र निवारण हो सके। इस मौके पर कांग्रेस के नेता डिगम्बर खटाना डॉ. लोकपाल सिंह अभिषेक तिवारी गिरीष जौहरी प्रेमसिंह मुकेष कुमार पार्षद सहित जनप्रतिनिधि और काफी संख्या में लोग भी मौजूद रहे और आवश्यक कार्यवाही की दिशा में पहल की गई।

## कलश यात्रा निकाली

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। सैनिक नगर कुंज बिहार कॉलोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ के शुभाम्भ पर चमत्कारी हनुमान जी मंदिर से विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कर्मचारी कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर पर श्रद्धालु एकत्रित हुए। आचार्य शास्त्री रमेश चंद्र पंचोली के मार्गदर्शन में विद्वान पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की। गणेश, शिव-पार्वती, हनुमान और सीताराम सहित सभी देवी-देवताओं की पूजा की गई। यात्रा में 101 महिलाएं कलश लेकर सबसे आगे चल रही थीं। यजमान कैलाशचंद शर्मा, कल्याण प्रसाद शर्मा और ओमप्रकाश शर्मा भागवत पोथी और ठाकुर जी की मूर्ति को सिर पर लेकर चल रहे थे।


**नाम संशोधन**

मैं भानु प्रताप पुत्र श्री राजेंद्र निवासी जाटव बस्ती, हिंडौन सिटी, जिला - करौली सशपथ घोषणा करता हूं कि मेरी सैकण्डरी कक्षा की अंक तालिका में मेरा नाम गलती से भानु प्रताप यादव (BHANU PRATAP YADAV) दर्ज हो गया है जो गलत है। जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में भानु प्रताप (BHANU PRATAP) दर्ज है जो सही है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे।

**आम सूचना**

मैं प्यारेलाल पुत्र गोवर्धन लाल निवासी शीतला कॉलोनी हिंडौन सिटी जिला करौली राजस्थान सशपथ घोषणा करता हूं कि मेरे छह संतान है जिनमे से मेरा पुत्र चंद्र प्रकाश कई वर्षों से अपने परिवार के साथ अलग रहता है और उसका व उसके परिवार आचरण ठीक नहीं है। जिसकी वजह से मेरा उससे कोई लेना-देना नहीं है। मैं उसे अपनी चल और अचल संपत्ति से भी दखल करता हूं।


## बैठक आयोजित

**करौली,** (निसं)। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में कार्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे प्रदेश नेतृत्व द्वारा आगामी कार्यक्रमों एवं करौली शहर में व्याप्त समस्याओं के समाधान एवं निवारण को लेकर चर्चा की गई तथा तिरंगा यात्रा को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान मंडल महामंत्री आशीष जैन, तेजेंद्र सिंह जादौन, मंडल उपाध्यक्ष नितेश महावर, सुमित भट्ट, पंकज अग्रवाल,धन सिंह चैहान, मुकेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## महंगे दामों पर 24 घंटे बेची जा रही शराब

**करौली,** (निसं)। जिला मुख्यालय पर आबकारी विभाग की खुली मिली भगत के चलते 24 घंटे महंगे दामों पर शराब बेची जा रही है।

राजस्थान सरकार के निर्धारित मापदंड अनुसार करौली जिला मुख्यालय पर अंग्रेजी और देसी शराब कि दुकान आवंटित कि गई है लेकिन इसके बावजूद जगह-जगह अवैध रूप से महंगे दामों पर खुलेआम शराब की बिक्री हो रही है जिसे रोकने में आबकारी विभाग पूरी तरह से नजर अंदाज किए हुए हैं लोगों का आरोप है कि विभाग के अधिकारी की मिली भगत और मासिक बंदी के चलते अवैध रूप से शराब बेचने वाले लोगों पर कार्यवाही नहीं की जाती है।देखने लायक यह है कि आबकारी विभाग की ओर से शराब की दुकान खोलने का समय प्रात: 10 बजे और बंद होने का समय रात्रि 8 बजे निर्धारित कर रखा है उसके बावजूद 24 घंटे शराब के ठेको से अवैध रूप से महंगे दामों पर शराब उपलब्ध हो जाती है जिसे रोकने में पुलिस प्रशासन भी गंभीर दिखाई नहीं दे रहा है यही नहीं महंगे दामों की बात कहें तो विभाग की ओर से शराब के पव्वा, अद्दा,बोतल की रेट निर्धारित की गई है लेकिन शराब विक्रेता निर्धारित रेट से 30 से 40 रुपये अधिक लेकर शराब की बिक्री कर रहे हैं जहां देसी शराब का पव्वा 60 रुपये से 80 रुपये में मिलता था वह अब 100 रुपये का बेचा जा रहा है जिसके चलते लोगों को आर्थिक रूप से मार झेलनी पड रही है गंभीर जनक बात तो यह है कि आबकारी विभाग द्वारा शराब के ठेके पर शराब की निर्धारित डर के बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं लेकिन उसके बावजूद किसी भी शराब की दुकान पर शराब की निर्धारित राशि के सूचना बोर्ड नहीं लगा रखे हैं और तो और राजस्थान सरकार की ओर से घोषित किए जाने वाले ड्राई डे के दिन भी शराब विक्रेता आबकारी विभाग द्वारा लगाई गई सील को नजर अंदाज कर ओवर रेट में शराब की बिक्री करते हैं जिसे रोकने वाला कोई नहीं है करौली शहर की मासलपुर चुंगी, गुलाब बाग तिराहा, ट्रक यूनियन सर्किल, मैगजीन क्षेत्र, होली खिड़कियां, अंबेडकर सर्किल के अलावा कई अन्य स्थानों पर अवैध रूप से देसी अंग्रजी शराब की ओवर रेट में बिक्री की जा रही है इस मामले को लेकर जिला आबकारी अधिकारी से वार्ता करनी चाहिए तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

## दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न



गंगापुर सिटी में भारत विकास परिषद के दायित्व ग्रहण समारोह में शपथ लेते एवं उपस्थित सदस्य।

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। भारत विकास परिषद, शाखा गंगापुर सिटी का दायित्व ग्रहण समारोह रुकमणी पैलेस में समरोह पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश चंद पारीक प्रांत कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक जयपुर, कार्यक्रम अध्यक्ष सीए अरविंद गोयल क्षेत्रीय अध्यक्ष उत्तर पश्चिम क्षेत्र भारत विकास परिष, विशिष्ट अतिथि एडवोकेट हर्षवर्धन शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष भारत विकास परिषद रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम के साथ किया गया।

शाखा के अध्यक्ष राजेंद्र खारवाल ने अपने स्वागत भाषण में सभी का स्वागत किया। शाखा सचिव रामदयाल मीणा ने अपने प्रतिवेदन में भारत विकास परिषद द्वारा पिछले वर्ष में संपन्न करवाए गए सभी कार्यक्रमों का विवरण प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष अनिल कुमार वैष्णव ने गत वर्ष का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष ने नवीन तीनों पदाधिकारियों अध्यक्ष राजेंद्र खारवाल, सचिव रामदयाल मीणा, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार वैष्णव को पद की शपथ दिलाई। हर्षवर्धन शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष ने सत्र 2025-26 में नवीन सदस्यों को शपथ दिलवाई एवं रमेश चंद पारीक प्रांत कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जयपुर ने नवीन कार्यकारिणी को अपने दायित्व की शपथ दिलवाई।

कार्यक्रम में शाखा कोषाध्यक्ष अनिल कुमार वैष्णव ने प्रांतीय एवं वनवासी सहायता के लिए अंशदान का चेक 121 सदस्यों का प्रांतीय अध्यक्ष को भेंट किया। मुख्य अतिथि रमेश चंद पारीक ने कुटुम्ब प्रबोधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**भरतपुर,** (निसं)। पहलगांव के आतंकी हमले की जवाबी कार्यवाही ऑपरेशन सिन्दूर की जबरदस्त सफलता के बाद भारतीय सेना के सम्मान एवं उत्साह को प्रबल रखने के लिए पूरे देष में विषाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यालय पर एक संभाग स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने की। मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के गृह राज्य मंत्री एवं पशुपालन मंत्री जवाहर सिंह बेढम रहे। विषिश्ट अतिथियों में पूर्व सांसद रंजीता कोली, संभाग प्रभारी हेमराज मीणा, सहप्रभारी सोमकान्त शर्मा, पूर्व प्रदेश मंत्री एवं तिरंगा यात्रा के संभाग समन्वयक भानुप्रताप राजावत एवं भगवानदास शर्मा, पूर्व प्रदेष मंत्री गिरधारी तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष सतेन्द्र गोयल एवं मनोज भारद्वाज, प्रदेष प्रवक्ता शैलेश कौषिक, पूर्व विधायक ग्यारसाराम कोली रहे। बैठक की शुरूआत से पहले मुख्य अतिथि जवाहर बेढम एवं अन्य अतिथियों ने भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। बैठक में संभाग




भरतपुर में तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यालय पर एक संभाग स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन हुआ।

प्रभारी, सहप्रभारी, सभी जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, सभी जिलों के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी, सभी जिलों के मण्डल अध्यक्ष तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में तिरंगा यात्रा के संभाग समन्वयक भानुप्रताप राजावत एवं भगवानदास शर्मा ने बताया कि तिरंगा यात्रा 19 मई को सायं 4 बजे ट्रैफिक चौराहा से प्रारम्भ होगी जो मुख्य बाजार होते हुए लक्ष्मण मन्दिर चौक पर जाकर समाप्त होगी। इस विषाल तिरंगा यात्रा में सभी जाति, धर्म, मजहब, समुदाय के नागरिक शामिल होंगे इसके अतिरिक्त पूर्व सैनिक एनसीसी कैडिट, स्काउट एवं गाइड, स्कूल एवं कॉलेजों के विद्यार्थी हजारों की संख्या में शामिल होंगे। तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिला संयोजक, विधानसभा संयोजक, मण्डल संयोजक नियुक्त कर दिए गए हैं। भरतपुर जिले के संयोजक गौरव सरपंच एवं जगत गुर्जर तथा भरतपुर विधानसभा के संयोजक सुन्दर सिंह तथा सहसंयोजक आकाष हथैनी, हिमांषु गुप्ता, नरेन्द्र सिंघल, बयाना-रूपवास के संयोजक नवीन दुबे, सहसंयोजक जगमोहन खटाना, कृश्णा जाट, कुलदीप सोलंकी, डीग-कुम्हेर के संयोजक सूर्यप्रकाष आर्य, सहसंयोजक अनिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत परीता, पंचायत समिति करौली, जिला करौली**

क्रमांक: Spl-8 ई-निविदा सूचना 01/2025-2026 दिनांक: 16.05.2025

ग्राम पंचायत परीता, पं.स. करौली की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था हेतु वाणिज्यूक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवी फर्मों/सप्लायर्स/ इच्छुक बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/विपणन एजेन्टो से दिनांक 31.03.2026 तक के लिए दर अनुबन्ध करने के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण https://eproc.rajasthan.gov.in एवं https://.sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

प्रशासक ग्राम पंचायत परीता — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत परीता

**कार्यालय ग्राम पंचायत सामपुर, पंचायत समिति करौली, जिला करौली**

क्रमांक: Spl-8 ई-निविदा सूचना 01/2025-2026 दिनांक: 16.05.2025

ग्राम पंचायत सामपुर, पं.स. करौली की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था हेतु वाणिज्यूक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवी फर्मों/सप्लायर्स/ इच्छुक बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/विपणन एजेन्टो से दिनांक 31.03.2026 तक के लिए दर अनुबन्ध करने के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण https://eproc.rajasthan.gov.in एवं https://.sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

प्रशासक ग्राम पंचायत सामपुर — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सामपुर

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, सवाई माधोपुर (राजस्थान)**

क्रमांक :- 191 - 210 दिनांक :- 15/05/2025

**निविदा सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति सवाई माधोपुर की मुख्य मण्डी प्रांगण एवं अमरूद मण्डी चकचैनपुरा मे विद्युत रखरखाव ठेका, मुख्य मण्डी व गौण मण्डी प्रांगण जलवाहक ठेका, हेतु, इच्छुक पंजीकृत फर्मो/व्यक्तियों से निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 15/05/2025 से 22/05/2025 का सांय 04:00 बजे तक डाउनलोड/प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदाऐं अन्तिम दिनांक 22/05/2025 को सांय 5:00 बजे तक कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति सवाई माधोपुर मे प्रस्तुत की जा सकती हैं, निविदाऐ दिनांक 23.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे से खोली जावेगी। निविदाओं के सम्बन्ध में अन्य विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in पर और विभागीय वेबसाईट https://agriculture.rajasthan.gov.in/content/agriculture/en/RAM-dep/tenders/Tenders2024.html पर देखी जा सकती हैं। तथा उक्त निविदाएं ऑफलाईन ही स्वीकार्य होगी।

UBN No. : DAM2526SSOB00113, DAM2526SSOB00114

NIB Code : DAM2526A0082

राज.संवाद/सी/25/2410 प्रशासक सचिव